दिनांक 08 अगस्त 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

"स्वच्छता संकल्प देश का , हर रविवार विशेष सा" के तहत निगम के सभी जोन कार्यालय से हुई स्वच्छता की शुरुआत
- नुक्कड़ और नृत्य के माध्यम से स्वच्छता का दिया गया संदेश

भिलाईनगर/ आज "स्वच्छता संकल्प देश का , हर रविवार विशेष सा" के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया जिसकी शुरुआत निगम के सभी जोन कार्यालय कैंपस के सफाई से हुई , प्रात: से ही स्वच्छता अभियान की शुरुआत प्रारंभ हो गई थी , नेहरू नगर जोन कार्यालय, वैशाली नगर जोन कार्यालय, मदर टैरेसा नगर जोन कार्यालय एवं शिवाजी नगर जोन कार्यालय में अधिकारी/ कर्मचारियों के साथ स्वच्छता कर्मचारियों ने परिसर की साफ सफाई की! अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 25 संतोषी पारा में नुक्कड़ और नृत्य के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति आकर्षित करते हुए जागरूक किया गया! बैकुंठ धाम तलाब परिसर की जनप्रतिनिधि ,स्वच्छता कर्मचारियों एवं अन्य लोगों के सहयोग से श्रमदान करते हुए सफाई की गई! वही स्वच्छता संबंधी शपथ ग्रहण किया गया! कई स्थानों पर स्वच्छता का संदेश प्रसारित करते हुए वृक्षारोपण भी किया गया! वार्ड क्रमांक 21 दस बिस्तर अस्पताल के पास , संतोषी पारा, टाटा लाइन, श्याम नगर सहित अन्य क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर वृहद सफाई अभियान चलाया गया! बैनर और पोस्टर के माध्यम से लोगों को मोहल्ले में जाकर जागरूक किया गया! उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत इस माह के प्रत्येक रविवार को "स्वच्छता संकल्प देश का , हर रविवार विशेष सा" आईईसी अभियान चलाया जाना है! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जोन के अधिकारियों को इसके क्रियान्वयन के निर्देश दिए हुए हैं! इसकी शुरुआत आज दिन रविवार से हो गई है! आज प्रथम रविवार को गंदगी से आजादी कैंपेन , सफाई मित्रों द्वारा सुरक्षा चैलेंज , स्लम एरिया में नुक्कड़ नाटक, वृक्षारोपण, नागरिकों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाने का कार्य किया गया! अगले सप्ताह के रविवार को घरेलू हानिकारक कचरे से आजादी कैंपेन के तहत मोहल्लों में कूड़ा पृथकीकरण , हानिकारक कचरे का निपटान, तीसरे सप्ताह में सिंगल यूज प्लास्टिक से आजादी कैंपेन के तहत बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध हेतु नुक्कड़ नाटक , पाम्प्लेट के माध्यम से जागरूक करना एवं चतुर्थ रविवार को लिटरिंग एवं स्पिटिंग से आजादी कैंपेन , मोहल्लों में जीवीपी पाइंटस को समाप्त करना, वाॅल पेंटिंग के जरिए शहर का सौंदर्यीकरण जैसी गतिविधियां भी होंगी। नागरिक इन कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं!

जनसम्पर्क अधिकारी